## खबर संक्षेप

### पाठक ने बदलाव यात्रा का लिया फीडबैक

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी और सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बदलाव यात्रा को लेकर फीडबैक लिया और जींद में होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर बातचीत की। डॉ. संदीप पाठक ने बैठक में आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों की तैयारियों और प्रदेश में आम आदमी पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर भी चर्चा की। बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा मौजूद रहे।



### निर्मल सिंह से आने से पार्टी मजबूत होगी : दीपक

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि चार बार विधायक व प्रदेश सरकार में दो बार मंत्री रहे निर्मल सिंह एवं अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव रहीं चित्रा सरवारा आगामी 5 जनवरी को विधिवत कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री के पार्टी में आने से क्षेत्र में पार्टी की पकड़ मजबूत होगी।

### आदित्य देवीलाल बने सीओएसएएमबी के चेयरमैन

**सिरसा।** बीजेपी जिला अध्यक्ष आदित्य देवीलाल को सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन बनाया गया है। चेयरमैन बनाये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का धन्यवाद किया। आदित्य देवीलाल ने चेयरमैन बनाये जाने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुये कहा कि मुझे जो दायित्व मिला उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा।



### मुख्यमंत्री ने सीएम घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# जलघर में पार्क बनाने में देरी पर फरीदाबाद के एक्सईएन पर गाज

## दस हजार घोषणाओं में से सात हजार पूरी, अन्य पर चल रह काम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार यहां सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वर्ष 2018 में पर्वतिया कॉलोनी, फरीदाबाद के जलघर में पार्क बनाने की घोषणा पर हुई देरी व संबंधित एक्सईएन द्वारा 3 से अधिक बार निविदा प्रक्रिया का हवाला देकर काम में लापरवाही बरतने के चलते मुख्यमंत्री ने संबंधित एक्सईएन पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सीएम घोषणाओं के तहत लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), विकास एवं पंचायत, सिंचाई, शहरी स्थानीय निकाय विभागों और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक मुख्यमंत्री द्वारा कुल लगभग 10 हजार से अधिक मुख्यमंत्री घोषणाएं की गई हैं, जिनमें से 7 हजार से अधिक घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं। लगभग 1500 पर काम चल रहा है, जोकि जल्द ही पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, लगभग 1200 घोषणाएं लंबित हैं, जो प्रशासनिक मंजूरी, तकनीकि स्वीकृति इत्यादि विभिन्न स्तर पर हैं। बैठक में इनमें से 864 घोषणाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2020 तक की लंबित घोषणाओं को इस वर्ष में ही पूरा करने का काम करें, ताकि आम जनता को इन परियोजनाओं का लाभ तुरंत मिल सके। इसके अलावा, वर्ष 2021, 2022 की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजनाओं का आवश्यक अध्ययन करने के बाद, ऐसी परियोजनाओं की एक अलग सूची तैयार की जाए, जो अभी संभव नहीं हैं, ताकि लंबित घोषणाओं की वास्तविक संख्या का पता लग सके। इसके अलावा, जो काम अलॉट हो गए हैं, उन्हें भी जल्द पूरा करवाया जाए। गुरुग्राम के वजीराबाद में लगभग 10 एकड़ में बनाये जाने वाले स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं।मुख्यमंत्री ने इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह के नाम पर रखने का आदेश दिया।



**चंडीगढ़।** समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### मल्टी लेवल पार्किंग को लेकर किया मंथन

उन्होंने विभिन्न शहरों में बनाई जाने वाली मल्टी लेवल पार्किंग के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि पार्किंग के लिए एक मानकीकृत डिजाइन तैयार करवाया जाए, जिससे कंसलटेंट नियुक्त करने, आर्किटेक्चर डिजाइन बनाने से लेकर अनुमति प्राप्त करने तक की प्रक्रिया से छूट मिलेगी और कार्य जल्द हो सकेंगे। साथ ही, इस प्रकार के कार्य नगर निगम को सौंपे जाए।

### रेवाड़ी का संपदा अधिकारी सस्पेंड

**चंडीगढ़।** प्रदेश में काम में लापरवाही बरतने और किसी भी प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर लगातार एक्शन हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करें, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी कड़ी में सीएम विंडो पर आई एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, रेवाड़ी के संपदा अधिकारी विजय कुमार को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने कहा कि सीएम विंडो पर सेक्टर-18, डिफेंस, रेवाडी निवासी सविता द्वारा उनके प्लॉट की गलत डिमार्केशन की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, रेवाड़ी के सम्पदा अधिकारी विजय कुमार तथा कनिष्ठ अभियन्ता गौरव यादव पर गलत डिमार्केशन करने का आरोप लगाया गया था।

## प्रदेश में आपराधिक मामलों में रिकॉर्ड कमी : डीजीपी

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने कहा कि हरियाणा मे आपराधिक गतिविधियों में कमी दर्ज की गई है। इस वर्ष प्रदेश में चोरी, डकैती, लूटमार और महिला विरूद्ध अपराध के अभियोगों में कमी आई है। सरल सेवा केन्द्रों के माध्यम से दी जा रही हरियाणा पुलिस की सुविधाओं व सेवाओं के लिए विभाग ने शत प्रतिशत स्कोर किया है। पुलिस मुख्यालय पंचकूला में डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि प्रदेश में गत वर्ष की तुलना में डकैती में 28.9 प्रतिशत, लूटमार के अभियोग में 18.1 प्रतिशत, छीनाझपटी के अभियोगो में 3.9 प्रतिशत की कमी आई है। इसी प्रकार, महिला विरुद्ध अपराधो जैसे महिला अपहरण के अभियोग में 7.2, बलात्कार के अभियोगों में 6.9, महिलाओं से छेड़छाड़ में 7.9, दहेज हत्या में 9.5 तथा दहेज प्रताड़ना में 8.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की है।हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में शिकायतकर्ताओ की संतुष्टि को लेकर फीडबैक सैल बनाया गया है। फीडबैक सेल के माध्यम से पुलिस थानों में प्राप्त शिकायतो को लेकर शिकायतकर्ताओ से फीडबैक लिया जाता है।



**चंडीगढ़।** पत्रकारों से बातचीत करते डीजीपी शत्रुजीत कपूर।

## खेल कोटे से भर्ती खिलाड़ियों को पदोन्नत न कर भेदभाव कर रही सरकार : उदयभान

**चंडीगढ़।** खेल जगत में हरियाणा का नाम चमकाने वाले डीएसपी रैंक के खिलाड़ियों की पदोन्नति न कर सरकार खिलाड़ियों के साथ भेदभाव कर रही है। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि खेल जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम चमकाने वाले जोगिंद्र शर्मा, सरदारा सिंह,गीतिका जाखड़,ममता सौदा, जैसे अन्य कई खिलाड़ी पुलिस विभाग में डीएसपी रैंक तो पा गए हैं, लेकिन इन खिलाड़ियों को प्रमोशन का इंतजार हैं। 12 साल वाले अधिकारी एएसपी बन चुके हैं। सिर्फ खेल कोटे से ही भर्ती हुए डीएसपी की अभी तक प्रमोशन नहीं हुई है। जबकि हरियाणा के साथ लगते राज्य पंजाब में भी खेल कोटे से डीएसपी बने अफसरों को पदोन्नति दी जा चुकी है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान युवाओं का रुझान खेलों की तरफ करने के लिए व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक खेल नीति बनाई थी।



## लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने में सरकार पूरी तरह नाकाम : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। एनजीटी की रिपोर्ट से खुलासा हो रहा है कि पेयजल में आर्सेनिक व फ्लोराइड की मात्रा कहीं अधिक है, जिसे देखकर लगता है कि 17 जिलों के लोग तो पेयजल की बजाए धीमा जहर पी रहे हैं। इससे पहले कैग और जल जीवन मिशन की रिपोर्ट भी प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर चुकी हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के 22 में से 17 जिलों अंबाला, भिवानी, फरीदाबाद, झज्जर, जींद, करनाल व अन्य जगह पेयजल खराब है।



## राज्य सरकार अपनाएगी ई-बैंक गारंटी की अवधारणा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्रीने पेपरलेस, फेसलेस और पारदर्शी व्यवस्था के विजन को साकार करते हुए ठेकेदारों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल **https://work s.haryan a.gov.in** की शुरुआत करने के बाद अब ई-गवर्नेंस की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। राज्य सरकार जल्द ही इंजीनियरिंग कार्यों के लिए ठेकेदारों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी को ई-बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार करेगी। इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के तहत सरकार के तीन प्राथमिक इंजीनियरिंग विभागों के इंजीनियरिंग कार्यों में काम करने के इच्छुक ठेकेदारों को बड़ी सुविधा मिलेगी और उनके समय की भी बचत होगी मुख्यमंत्री शुक्रवार यहां हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर कार्य अपलोड हो जाने के बाद और प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाने के बाद उनकी तकनीकि स्वीकृति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

### नए कानूनों को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा

# पुलिस कर्मियों की होगी खास ट्रेनिंग, मास्टर ट्रेनर करेंगे ट्रेंड

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ कर्मचारियों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे

हरियाणा में नए कानूनी बदलाव को लेकर पुलिस प्रमुख ने भी से होमवर्क की शुरुआत कर ली है। मामले में विशेषज्ञ पूरे प्रदेश के अंदर पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को ट्रेंड करने का काम करेंगे। प्रदेश के पुलिस प्रमुख शत्रुजीत कपूर ने हरिभूमि के पूछे जाने पर इस आशय की जानकारी साझा की है।

डीजीपी का कहना है कि सबसे पहले यूटी में इसका क्रियान्वयन होना है लेकिन हमने इसके लिए अभी से तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि तीन ग्रुप बनाकर इसको लेकर खास प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की रणनीति हमने तैयार कर ली है।

मामले में 31 दिसंबर तक ही ट्रेनिंग आदि को लेकर व्यवस्था कर ली जाएगी ताकि इसको लेकर कामकाज की शुरुआत में कोई बाधा नहीं आए और पुलिस अधिकारियों, जांच अधिकारियों, पुलिस कर्मियों के सामने कोई दिक्कत नहीं आए।

इसके लिए खास ट्रेनिंग की व्यवस्था भी प्रदेश के अंदर दो से तीन स्थानों पर की जाएगी। जिसमें एक करनाल में पुलिस ट्रेनिंग केंद्र के अलावा भौंडसी व एक अन्य स्थानों पर व्यवस्था की जाएगी। इसमें आईपीसी, सीआरपीसी को लेकर बारीकियां समझाने के लिए सामान्य और मास्टर ट्रेनर काम करेंगे।

### संसद में तीन विधेयक पारित किए गए थे

हाल ही में संसद के अंदर तीन विधेयकों को पारित किया गया है। जिसके तहत भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की बारीकियां बताई जाएंगी। पुलिस कर्मियों को इस बदलाव के बारे में विशेष तौर पर ट्रेंड करना होगा। यहां पर उल्लेखनीय है कि दुष्कर्म के मामलों, नाबालिग के साथ में दुष्कर्म जैसे मामलों में सरकार ने अहम बदलाव करते हुए आजीवन कारावास मृत्युदंड तक का प्रावधान कर दिया है. माब लिंचिंग करने वालों को लेकर भी फांसी की सजा और पहचान छिपा और गुमराह कर शादी करने पर भी आने वाले वक्त में कड़ी सजा का प्रावधान है।

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर सिंचाई के लिए मीठे पानी का टैंकर मंगवाने हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर सब्जी पौध व बागवानी फसल की सिंचाई के लिए मीठे पानी का टैंकर मंगवाने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदाता 5000 लीटर अथवा 10000 लीटर क्षमता वाले टैंकर से पानी केन्द्र पर पहुंचाने का मूल्य मोहरबंद कुटेशन में भिजवाएं। कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 03.01.2024 सांय 5 बजे तक है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा पानी की जांच उपरांत ही केन्द्र पर सिंचाई के लिए पानी लिया जाएगा व सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/530/2024/23787/88/6 दि. 29.12.23

38–01/2018–सीसीपीडी
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5 वां तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली-03
दिनांक : 29 नवम्बर, 2023

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तहत मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन के कार्यालय में आयुक्त दिव्यांगजन के 02 (दो) पदों (जिनमें से 01 (एक) पद दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित है) के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए वेतनमान और भत्ते भारत सरकार के अपर सचिव के लिए स्वीकार्य वेतनमान और भत्ते होंगे। 7 वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वर्तमान वेतन 1,82,200- 2,24,100 रुपये है।

2. विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया इस विभाग की वेबसाइट पर जाएं https://depwd.gov.in/. विज्ञापन का लघु संस्करण रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जा रहा है। पात्र आवेदक ''रोजगार समाचार'' में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर अपने आवेदन भेज सकते हैं।

हस्ता/- (नवीन कुमार)
CBC 38117/11/0047/2324 अवर सचिव, भारत सरकार

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा–131305
(2006 के अधिनियम 31 द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
(एनएएसी द्वारा प्रमाणित ''बी++'' ग्रेड विश्वविद्यालय)

इच्छुक उम्मीदवारों से सहायक प्रोफैसर (अस्थायी) के पद हेतु अनुबंध आधार पर विधि विभाग, बीपीएसएमवी, खानपुर कलां में हिन्दी विषय में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

पीआरडीएच-1239/11/48/2024/23806/सी/88/6 दि. 29.12.23 रजिस्ट्रार

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 449 दिनांक 25.12.2023 धारा 346 भा.द.स. थाना सिविल लाईन जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान
नाम- राजेश।
पिता का नाम- रामपाल।
पता - नया जीवन नगर दुर्गा मन्दिर के पास जिला सोनीपत।
उम्र- 26 वर्ष।
कद- 5 फुट।
हुलिया:- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, आँखे काली, मन्दबुध्दि है।
पहनावा :- नीलें रंग की शर्ट, पैन्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 13-12-2023 को राजेश पुत्र रामपाल वासी नया जीवन नगर दुर्गा मन्दिर के पास जिला सोनीपत बिना किसी कुछ भी बताए कही पर चला गया है। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।
प्रबन्धक थाना - 7419410533,
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 9812290872,
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/2020/2024/23790/88/6 दि. 29.12.23

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

| अपराधी का नाम व पता | मुकदमों का विवरण |
|---|---|
| 1. **Hoshiyar Singh** S/O Maktul Singh R/o Baba Sawan Singh Bayash District Amritsar State Punjab.<br>2. **Surender** S/o Karamjeet Singh R/o village Kauriwala Teh Sardulgarh District Mansa State Punjab<br>3. **Jayana Devi** w/o Om Parkash R/o village Hardaki District Hanumangarh State Rajasthan | Fir No. 05 Date 08.12.2021 U/S 167/218/420/467/468/471/120B IPC PS A.C.B ROHTAK<br>**Reward 10,000/-Rs on Each Accused** |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सूची में दर्शाये गये प्रत्येक अपराधी पर 10,000/- रुपये का ईनाम घोषित गया है। ये आरोपी उपरोक्त मुकदमे में वांछित है। यदि कोई व्यक्ति इन अपराधियों की जानकारी दे कर गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करता है तो उस व्यक्ति को पुलिस द्वारा घोषित ईनाम दिया जाएगा और उसका नाम व पता पुरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति को इन अपराधियों के संबंध में कोई सूचना है तो नीचे दिये गये नम्बरों पर सूचित करें।

उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक मो.न. - 9896425725
निरिक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सोनीपत मो.न. - 9671959817

हस्ता/-
अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।
28.12.2023

पीआरडीएच-1084/11/2021/2024/23791/88/6 दि. 29.12.23

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | गांव बापोदा, ब्लॉक भिवानी में आईपीबी और ड्रेन सहित गली/फिरनी की पेवमेंट। | 27.12.2023 16.01.2024 | 295.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | रामधारी पुत्र गिन्नी से सज्जन पुत्र माया से तालाब तक नाले का निर्माण। (5 तालाब प्रणाली)। | बंद होने की तिथि 04.01.2024 | 19.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | उपायुक्त, गुरुग्राम | वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 16.01.2024 | 50000/- | gurugram.gov.in | 9999117303 ditsgrg1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, ब्लॉक बोंद कलां में एससी चौपाल का निर्माण। | 27.12.2023 03.01.2024 | 6.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां में प्रजापति धर्मशाला का निर्माण + 2 कार्य। | 27.12.2023 03.01.2024 | 22.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव बसाना, ब्लॉक मुंडलाना में शरिया पाना सामान्य चौपाल को पूरा करना। सीएम 25284 + 3 कार्य। | 28.12.2023 03.01.2024 | 28.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव मुंडलाना में प्रफुल चक्की से अनाज मंडी गेट तक नाला का निर्माण + 8 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 71.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | कब्रिस्तान (कैलाना खास) में चारदिवारी का निर्माण + 4 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 30.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9415051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कथुरा, सोनीपत | गांव घरवाल (जिला परिषद) में ठोस कचरा प्रबंधन का निर्माण + 13 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 66.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9415051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सुल्तानपुरियां :- वाटर वर्क्स सुल्तानपुरियां में मौजूदा आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना और मरम्मत, चारदिवारी को उठाना और मरम्मत तथा इससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य + 3 कार्य। | 28.12.2023 08.01.2024 | 94.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | भालोट डिस्टी. के आरडी 10950 से 11210 तक क्षतिग्रस्त लाइनिंग के भाग की रिलाइनिंग + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 12 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में प्रांतीय उपमंडल सं. 4, लोनिवि बेंडर शाखा करनाल में स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी तक को बिछाने और प्रावधान हेतु वार्षिक रखरखाव + 1 कार्य। | 27.12.2023 03.01.2024 | 16.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथुरा, रिंधाना और आहूलाना ब्लॉक कथुरा में ग्रे वाटर मैनेजमेंट में ड्रेन और नाला का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 38.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, ब्लॉक टोहाना में पुरुषोत्तम दास पार्क (01HRFTBTHN0001DANG006) के पीछे आरओपी हेतु अतिरिक्त आकलन + 2 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 8.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई, गांव मुगल माजरा, ब्लॉक नारायणगढ़ में शमशान घाट में आईएलपीबी फ्लोरिंग का निर्माण + 1 कार्य। | 27.12.2023 02.01.2024 | 5.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा | डीजी सिविल एवियेशन द्वारा अनुमोदित कृषि उपयोग / आरपीटीओ द्वारा आवेदन / प्रशिक्षण केन्द्र / संस्थान हेतु 300 अदद किसानों / युवाओं इत्यादि के ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना। | 29.12.2023 13.01.2024 | 3 लाख | https://agriharyana.gov.in | 9416164940 agriharyana2009@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2024/320/23815/I/88/6 दि. 29.12.23

### लाइन लॉस 10 फीसदी से नीचे आना सरकार की बड़ी सफलता : मंत्री

# बिजली निगम को घाटे से उबारकर ले आए मुनाफे में : बिजली मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य बिजली आपूर्ति के मामले में देश में दूसरे पायदान पर है। बिजली निगम जहां 3700 करोड़ रुपये घाटे में चल रहा था, अब वह 2000 करोड़ रुपये मुनाफे में चल रहा है। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच की बदौलत संभव हुआ है।

बिजली मंत्री शुक्रवार को यहां पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि प्रदेश का लाइन लॉस 10 फीसदी से नीचे आना सरकार की बहुत बड़ी सफलता है। गांव के अंदर से गुजर रहे बिजली की हाई वोल्टेज के तारों के संबंध में बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस कार्य के लिए 161 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। किसी भी पार्क, जोहड़ या गांव के अंदर से गुजरने वाली हाई वोल्टेज की तारों को हटाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हरियाणा की जेल के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में जेल एवं बिजली मंत्री ने कहा कि कानूनी अधिकार पर बनी पार्लियामेंट की स्टैंडिंग कमेटी ने प्रदेश की विभिन्न जिलों का दौरा किया था। इस कमेटी ने सभी पैमाने पर बेहतरीन व्यवस्थाएं बताई हैं। उन्होंने कहा कि कैदियों के व्यवहार में परिवर्तन के लिए अच्छे वक्ताओं के प्रवचन करवाए जाते हैं। प्रदेश की 11 नई जेल में पेट्रोल पंप खोले जाएंगे। यहां पर अच्छे व्यवहार वाले कैदियों की जिम्मेदारी लगाई जाएगी। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, भाजपा के जिला प्रधान दयाराम यादव, जेजेपी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा भी मौजूद थे।



नारनौल। पत्रकारों से बातचीत करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह, साथ में राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

- 3700 करोड़ घाटे में चलने वाला बिजली निगम 2000 हजार करोड़ के मुनाफे में
- पार्क, जोहड़ या गांव के अंदर से गुजरने वाली हाई वोल्टेज की तारों को हटाने के लिए 161 करोड़ रुपये का प्रावधान

### अलाव का ही सहारा...



यमुनानगर। पहाड़ी इलाकों में पड़ रही ठंड ने अब मैदानी इलाकों में भी कहर बरपाना शुरू कर दिया है। प्रदेश में दो दिन से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं होते। लोगों घरों में दुबकने को मजबूर हैं। यहां तक कि लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी कड़ाके की ठंड के कारण लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। शुक्रवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से यमुनानगर का न्यूनतम तापमान घटकर छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिले में घने कोहरे और ठंड की वजह से शुक्रवार को बाजारों में ग्राहक बहुत कम पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। ठंडी दुकानदारी और ग्राहकों की कमी के चलते दुकानदारों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। इस दौरान के एक दुकानदार ने मानवता का संदेश देते हुए न केवल स्वयं को ठंड से बचाया बल्कि के छोटे से कुत्ते के बच्चे को भी अपनी गोद में बैठा लिया और आग की तपन का अहसास करवाया।

## खबर संक्षेप

### नारनौल : सिंचाई करने गए किसान की खेत में मौत

**नारनौल।** डोहर कलां में फसल की सिंचाई करने गए युवा किसान की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मुताबिक करीब 41 वर्षीय किसान शशिकांत वासी डोहर कलां वीरवार प्रातः करीब 7 बजे खेतों में फसल की सिंचाई करने गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। दोपहर करीब तीन बजे परिवारवाले जब खेतों में पहुंचे तो वह जमीन पर पड़ा हुआ मिला। बोलने पर उसने कोई जवाब नहीं दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जबकि किसान को नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### गुहला के चक्कू लदाना के पास सड़क दुर्घटना में मौत

**गुहला-चीका।** सड़क दुर्घटना में उपमंडल के गांव चक्कू लदाना के गुरनाम संधू की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संधू कुरुक्षेत्र-करनाल जोन से दुग्ध समिति के डायरेक्टर थे और समिति के ही किसी काम कहीं बाहर गए थे कि वापिस आते समय गांव कुलतारण के पास उनकी कार अचानक सड़क किनारे एक गड्ढे में लुढ़क गई। संधू कार में अकेले ही थे, जिसके चलते दुर्घटना कैसे हुई, के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। एक राहगीर ने जब उनकी कार गड्ढे में लुड़की हुई देखी तो उसने पुलिस की 112 नम्बर गाड़ी को फोन लगाया, जिसके बाद पुलिस ने उसे पास के अस्पताल में पहुंचाया परंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने दम तोड़ दिया।

### विदेश भेजने का झांसा दे हड़पे 1.70 लाख, केस दर्ज

**जींद।** टूरिस्ट वीजा पर अस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर एक लाख 70 हजार रुपये हडपने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनौदा कलां के विकास मे पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी रिश्तेदारों के माध्यम से घरौंडा निवासी नीरज सैनी हुई। उसने बताया कि नीरज ने आस्ट्रेलिया टूरिस्ट विजा लगवाने के नाम रुपये ठग लिए।

## स्कूल बस की सीट टूटी, छात्र पर उतारा डंडों से गुस्सा, प्रबंधक के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



- बच्चे को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया

जिले के एक प्राइवेट स्कूल बस की सीट टूट जाने का गुस्सा प्रबंधक ने छात्र पर डंडे बरसते हुए उतार दिया। बेरहमी से पीटे गए छात्र ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो पिता ने प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बच्चे को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### आठवीं कक्षा में पढ़ता है छात्र

पुलिस को दर्ज शिकायत में 13 वर्षीय छात्र के पिता ने बताया कि उसका बेटा पास के गांव में निजी स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ता है। गत 23 दिसंबर को रोजाना की तरह वह स्कूल बस से पढ़ने के लिए गया था। उसने बताया कि स्कूल बस की एक सीट पर पहले से दो बच्चे बैठे हुए थे। सीट भी पहले से वेल्ड की हुई थी। बस में झटका लगने के कारण सीट टूट गई।

- वेल्ड हुई सीट पर पहले से ही बैठे थे दो बच्चे

इसके बाद जब स्कूल प्रबंधक साहिल को सीट टूटने की जानकारी मिली, तो उसका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। पिता का आरोप है कि प्रबंधक साहिल ने उसके बेटे को बेंच पर लिटाकर उस पर डंडों से कई वार किए। स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब बच्चा घर आया, तो वह काफी परेशान नजर आ रहा था।

### नहीं खाया खाना

उसने खाना तक नहीं खाया। पूछताछ करने पर उसने प्रबंधक के दुर्व्यवहार के बारे में बताया। उसकी शर्ट उतरवाकर देखा तो डंडों के कई निशान मौजूद थे। उसने अपने बेटे को सामान्य अस्पताल दाखिल कराया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपी प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## बिजली निगम की टीम से मारपीट करने के आरोपितों से गाड़ी व लोहे पत्ती बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- भांवर गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के आरोप में किया गिरफ्तार

भांवर गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के आरोप में गिरफ्तार हुए आरोपित रिंकू व राकेश का शुक्रवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड के दौरान पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त गाड़ी व लाहे की पत्ती बरामद की है। पुलिस ने आरोपित रिंकू व राकेश को अदालत में पेश किया जहां अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दें कि बिजली चोरी पकड़ने के लिए निगम के जेई नीरज, जेई यशपाल, जेई महिपाल, जेई नरेंद्र, लाईनमैन जोगिंद्र, एएलएम आशीष, एएलएम अंकित, एएलएम सतीश, चालक मुकेश गत 20 दिसंबर की शाम 7 बजे भांवर गांव में चैकिंग करने गए थे। टीम ने मशरूम फार्म संचालकों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। इसके बाद फार्म संचालक रोहित व राकेश ने 4-5 व्यक्तियों के साथ मिल कर बिजली कर्मियों के साथ मारपीट की। आरोपितों ने जेई को बंधक बना उनके फोन भी तोड़ दिए। इस हमले में जेई नीरज व लाइनमैन जोगिंद्र घायल हो गए। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित रिंकू व राकेश को गिरफ्तार कर लिया था। गन्नौर थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले में और लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है।

## प्यार को आजमाने के लिए ब्लेड मारकर पत्नी को किया लहूलुहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा |

**वारदात**

- प्यार की परीक्षा के नाम पर एक बार नहीं कई बार किया वार

जिले के गांव मुसाहिबवाला गुरुद्वारा साहिब के पाठी ने गुरुद्वारा में अपनी पत्नी के प्यार की परीक्षा लेते हुए उसे ब्लेड से लहूलुहान कर दिया। इस पूरे मामले में महिला बेहोश होकर नीचे गिर गई। सूचना मिलने पर महिला के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पंजाब के मानसा निवासी 21 वर्षीय युवती की शादी सिरसा जिला के गांव अलीकां निवासी जगतार सिंह के साथ हुई थी। पीड़िता का कहना है कि उसका पति गांव मुसाहिबवाला गांव के गुरुद्वारा में पाठी का काम करता है। गत दिवस वह अपने पति के पास गुरुद्वारा में आई थी। इस दौरान उसका पति उसे कहने लगा कि तू मुझे कितना प्यार करती है। पत्नी ने जवाब दिया बहुत ज्यादा। पीड़िता का कहना है कि उसका पति कहने लगा कि मैं तुझे चोट मारता हूं और देखता हूं कि तुम चीखती हो या नहीं। अगर चीखी तो साबित हो जाएगा कि तुम मुझे प्यार नहीं करती। पति जगतार सिंह ने अपने हाथ में एक ब्लेड लिया और अपनी पत्नी का हाथ पकड़कर वार करने लगा। पति को अपने प्यार का विश्वास दिलाने के लिए पत्नी दर्द सहती रही और मुंह से आवाज तक नहीं निकाली। ब्लेड के सैकड़ों वार से वह लहुलुहान होकर बेहोश हो गई। पीड़िता पत्नी का कहना है कि इसके बाद उसके पति ने गीला कपड़ा लेकर फर्श पर गिरा सारा खून साफ कर दिया। होश आने पर उसने अपने पिता को फोन किया और सारी बात बताई। पिता उसे लेने उसके ससुराल अलीकां आया और बेटी को लेकर अस्पताल पहुंचा।

## निजी स्कूल की बस ने मारी टक्कर बाइक सवार स्टेशन मास्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- डयूटी से घर लौटते समय हुआ हादसा

गाव बुढाखेडा लाठर तथा हथवाला चौक पर निजी स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार रेलवे स्टेशन मास्टर की मौत हो गई। मृतक डयूटी कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बुढाखेड़ा लाठर निवासी विजय (35) रेलवे में गांव किलाजफरगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को विजय बाइक पर सवार होकर डयूटी से घर वापस लौट रहा था। जब वह गांव हथवाला तथा गांव बुढाखेडा चौक पर पहुंचा तो उसी दौरान तेज रफ्तार निजी स्कूल बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अजाम देकर चालक बस समेत मौक से फरार हो गया। गंभीर हालात मे विजय को पीजीआई रोहतक ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जुंलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ओर हालातों का जायजा लिया।

### इकलौता चिराग

जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता रोहताश की शिकायत पर फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक विजय परिवार का इकलौता चिराग था। पिता रोहताश आर्मी से रिटायर्ड है। विजय की मौत से गाव मे मातम पसर गया। जुलाना थाना के जांच अधिकारी रामरूप ने बताया कि मृतक रेलवे मे स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत था। फिलहाल फरार स्कूल बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

गेन बिटकॉइन पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने 16 दिसंबर को किया था सिंपी भारद्वाज को गिरफ्तार

## बिटकॉइन घोटाले में ईडी ने सिंपी के मायके में मारा छापा

**बहादुरगढ़।** करीब 6600 करोड़ रुपए के क्रिप्टो करंसी केस में चल रही जांच की आंच बहादुरगढ़ तक आ पहुंची है। मुंबई से आई ईडी की एक टीम ने यहां आरोपी सिंपी भारद्वाज के मायके में रेड की है। दूसरे दिन शुक्रवार को भी टीम छानबीन में लगी रही। मामले में टीम के क्या कुछ हाथ लगा, इसकी पुष्टि अधिकारियों ने अभी नहीं की है। दरअसल, इस मामले में आरोपी सिंपी का मायका बहादुरगढ़ के सेक्टर दो में है।

मामले की जांच करते हुए ईडी की टीम वीरवार को ही यहां पहुंच गई। ईडी टीम के साथ सीआईएसएफ के कई जवान भी मौजूद रहे। सिंपी भारद्वाज के पिता और उसके भाइयों से शुक्रवार दोपहर तक पूछताछ जारी थी। इतना ही नहीं घर के अंदर मौजूद सभी दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं।



सिंपी के पिता के घर के बाहर चार सुरक्षाकर्मी मौजूद थे।

उनके परिजनों को पूछताछ के दौरान घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा। बता दें कि गत 17 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गेन बिटकॉइन पोंजी स्कीम मामले में सिंपी भारद्वाज और अजय भारद्वाज के घर पर सर्च ऑपरेशन किया था। सिंपी भारद्वाज को 6600 करोड़ से अधिक रुपए के क्रिप्टो करंसी मामले में दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 26 दिसंबर तक ईडी की हिरासत में भेजा था। इसके बाद आरोपी सिंपी को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाया गया था। वहां पर पूछताछ के बाद ईडी की टीम बहादुरगढ़ में उनके पिता के आवासीय परिसर पर रेड के लिए पहुंची। यहां गहनता से टीम ने जांच की लेकिन क्या कुछ मिला, इस बारे में स्पष्ट नहीं किया।ईडी के अनुसार, यह भारत का पहला क्रिप्टो केस है। भारद्वाज पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया है।

आरोप है कि भारद्वाज सिंगापुर में स्थित वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों में से एक है, जिसने निवेशकों को बिटकॉइन और कंपनी की अपनी क्रिप्टो करंसी में उच्च रिटर्न के वादे के साथ लुभाया था। अपने पति अजय भारद्वाज के साथ मिलकर सिंपी ने जनता को धोखा दिया।

## कलेसर के जंगल में मिला जींद के युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- मृतक के भाई ने उसके दो दोस्तों पर लगाया उसकी हत्या करके शव जंगल में फेंकने का आरोप

जिला जींद के गांव सिंहसर निवासी बीस वर्षीय युवक गुरमीज का शव शुक्रवार को कलेसर के जंगल से बरामद किया गया है। मृतक के भाई बबलु ने उसके दो दोस्तों पर उसकी हत्या करके शव जंगल में फेंक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सिंहसर गांव निवासी बबलु ने पुलिस को बताया कि उसका भआई गुरमीत (20) मजदूरी का काम करता था। गत तीन दिसंबर को वह अपने दोस्त संदीप व पिंटू के साथ ट्रक पर मध्य प्रदेश से कुछ सामान लेने के लिए गया था। उस सामान को हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में उतारना था। मगर इसके बाद से उसका भाई गुरमीत घर वापस नहीं लौटा।

उन्होंने उसके बारे में कई बार उसके दोस्त संदीप व पिंटू से जानकारी लेनी चाही। मगर उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। आज उन्हें सूचना मिली थी कि कलेसर जंगल में गुरमीत का शव पड़ा हुआ मिला है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो वह शव उसके भाई गुरमीत का था। उसने आरोप लगाया कि उसके दोस्त संदीप व पिंटू ने उसकी हत्या करके शव कलेसर के जंगल में फेंक दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में जांच शुरू कर दी।

## चोरों ने पंजाब नेशनल बैंक में घुसकर किया चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**वारदात**

- बैंक में रखा कैश सुरक्षित, बिजली, सीसीटीवी कैमरों व कंप्यूटर की तारें कटी मिली

पंजाब नेशनल बैंक की शाखा जठलाना में चोरों ने बैंक में घुसकर चोरी का प्रयास किया। गनीमत यह रही कि चोर चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। बैंक में रखा सारा कैश सुरक्षित मिला। बैंक में बिजली, सीसीटीवी कैमरों व कंप्यूटर की तारें कटी मिली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खिड़की की ग्रिल तोड़कर बैंक में घुसकर चोरी का प्रयास किया:** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी के हुडा सेक्टर-18 निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक जठलाना में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। वह शाम को स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ बैंक को अच्छी तरीके से लॉक करके गया था। सुबह जब वह बैंक में पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके साथ ही बैंक में बिजली, सीसीटीवी कैमरों व कंप्यूटर की तारें कटी हुई थी। जांच करने पर बैंक में रखा कैश सुरक्षित मिला। उन्होंने बताया कि चोरों ने गली में लगी खिड़की की ग्रिल तोड़कर बैंक में घुसकर चोरी का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ज्योति महिला विवि ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद किया आफर

## देवर-भाभी ने एकसाथ की पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र के गांव खामपुरा निवासी पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह ने बताया कि उनके छोटे बेटे विवेक कुमार ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से व उनकी बड़ी पुत्रवधू मणिका निम्होरिया ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फूड एंड टैक्नोलॉजी कुंडली से इसी सप्ताह पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है।

### तीन बार नेट पास किया

मणिका ने इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से फूड एंड टैक्नोलॉजी में एमटेक की और तीन बार नेट की परीक्षा पास कर पीएचडी की। उन्हें भारत के प्रतिष्ठित संस्थान ज्योति महिला विश्वविद्यालय जयपुर ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद का आफर दिया और मणिका ने 25 दिसंबर 2023 को इस पद को ग्रहण कर लिया है। यह परिवार नारनौल के हुडा कालोनी में रहता है। वहीं विवेक मूलतः बीटेक है। इसके बाद दो विषयों हिन्दी व इतिहास में एमए किया है। फिर उन्होंने हिन्दी विषय में जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की और उसी आधार पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में पीएचडी शोधार्थी के रूप में पंजीकृत हुए हैं। इसी महीने 25 दिसंबर को उन्हें विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



विवेक कुमार



मणिका निम्होरिया

- विवेक कुमार ने मदवि रोहतक और मणिका निम्होरिया ने इंद्रप्रस्थ विवि से प्राप्त की डीग्री

### विवेक हिंदी दलित नाट्य लेखन पर बने भारत के पहले शोधार्थी


हिंदी दलित नाट्य लेखन पर वे भारत के पहले शोधार्थी हैं। अब विवेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। दोनों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता रिटायर्ड प्राचार्य डा. शिवताज सिंह को दिया है।

## मागोमाजरी में गला दबाकर युवक की हत्या, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के गांव मागोमाजरी में गला दबाकर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। गांव माघो माजरी निवासी बलबीर सिंह ने सदर थाना में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह खेती का कार्य करता है। उसके पास दो बेटे 38 वर्षीय राजपाल और 35 वर्षीय होशियार सिंह थे। दोनों की शादी हो चुकी है और अलग-अलग रहते थे। उसका बड़ा लड़का राजपाल देवीगढ़ रोड पर आरा मशीन पर मजदूरी करता था और प्राइवेट गाड़ी पर ड्राइवरी भी करता था।

राजपाल के पास एक लड़का और एक लड़की है। करीब एक माह से राजपाल बीमार था और रोहतक पीजीआइ में इलाज चल रहा था। राजपाल 27 दिसंबर को ही घर वापस आया था। इसी दिन शाम के समय वह किसी की गाड़ी पर ड्राइवरी करने की बात कहकर घर से गया था। वीरवार को सुबह आठ बजे उसके भतीजे हवा सिंह ने बताया कि राजपाल का शव घर से दो किले दूर पड़ा हुआ है। वे मौके पर पहुंचे तो राजपाल सड़क के पास मृत पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर चोट के भी कोई निशान नहीं मिले थे। उसी समय पुलिस को सूचना दे दी गई थी। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल ले गए।



# गोंडवाना कप में मान और अदिति बने चैंपियन, छत्तीसगढ़ के शौर्य को मिली हार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ टेनिस संघ की ओर से जोरा स्थित इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम में आयोजित गोंडवाना कप का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा व उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें मेंस सिंगल में दिल्ली के यश चौरसिया को हराकर उत्तरप्रदेश के मान केशरवानी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा वुमन सिंगल में मंजूनाथ को हराकर अदिति रावत हरियाणा ने जीत हासिल की। मेंस डबल में तुषार मंडलेकर ने शौर्य मानिक को हराकर कहिर वारिस और आनंद गुप्ता ने अपनी जीत दर्ज की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा और हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी व आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले सहित टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया।




## खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

*फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मैच देखने को मिला। कप पर कब्जा करने टेनिस कोर्ट में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। मेंस सिंगल में मान केशरवानी ने यश चौरसिया को 1-6, 6-3, 6-1 से हराकर मैच अपने नाम किया। वुमेन्स सिंगल में अदिति रावत, हरियाणा ने सिरी मंजूनाथ पाटिल, कर्नाटक को 6-2, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। मेंस डबल मुकाबले में आनंद प्रकाश गुप्ता, उत्तरप्रदेश और काहिर समीर वारिक, महाराष्ट्र ने तुषार मंडलेकर और शौर्य माणिक छत्तीसगढ़ को 6-4, 6-4 से हराया। स्पर्धा के आइटा सुपरवाइजर ओडिशा के व्हाइट बेज रेफरी प्रबीन नायक व टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रूपेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।*



## टेनिस इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित राज्यों से बेहतर : डॉ. द्विवेदी

समापन समारोह में हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में टेनिस के क्षेत्र में पिछले एक दशक में जो सक्रियता आई है, वह सभी को अचंभित करने वाली है। टेनिस इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर जो कार्य हुए हैं, वह सराहनीय है। विकसित राज्यों में भी इस तरह की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना कप देखने नहीं आ पाया, इसका मुझे अफसोस है। टेनिस में अतिथि से ज्यादा आनंद दर्शक बनकर देखने में है। उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने कहा कि प्रदेश टेनिस संघ के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया की सराहना करते हुए कहा कि उनके आने के बाद से 2010 से 2018 तक छत्तीसगढ़ में टेनिस ने जो मुकाम हासिल किया है, यह उनकी बदौलत है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड-बांग्लादेश का टी20 मैच बारिश से धुला

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 11 ओवर ही डाले जा सके जिसके बाद बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। इससे बांग्लादेश की टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए है। मैच समय पर शुरू हुआ और 11 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 72 रन था जिसके बाद तेज बारिश आ गई जो पूरे समय होती रही और मैच रद्द कर दिया गया। श्रृंखला का तीसरा मैच रविवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### आस्ट्रेलियाई ओपन की ईनामी राशि में इजाफा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस अधिकारियों ने 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू हो रहे वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि में एक करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का इजाफा करने की घोषणा की है। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिले ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अब इस ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि आठ करोड़ 65 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर होगी। पहले दौर के क्वालीफायर को 31250 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे जो पहले से 20 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष चैंपियन दोनों को 30 लाख 15 हजार आस्ट्रेलियाई डॉलर बतौर पुरस्कार मिलेंगे।

### पाक ने आस्ट्रेलिया से बेहतर क्रिकेट खेला

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया से शुक्रवार को यहां 79 रन से मिली हार के बावजूद पाकिस्तान के टीम निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि उनकी टीम ने दूसरे टेस्ट में मेजबान से बेहतर क्रिकेट खेला। हफीज ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' से कहा, 'बतौर टीम हमने बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे इस पर गर्व है। टीम ने सर्वश्रेष्ठ संभव तरीके से इस मैच में आक्रामक होने का साहस दिखाया।

# प्रसिद्ध के लचर प्रदर्शन से दिखी 'बेंच स्ट्रेंथ' की कमजोरी, जडेजा-आवेश बहा रहे पसीना

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कुछ हफ्ते पहले साफ कहा था कि कोई भी कोच मोहम्मद शमी जैसी काबिलियत रखने वाला तेज गेंदबाज तैयार करने का श्रेय नहीं ले सकता। म्हाम्ब्रे ने यह बात एक इंटरव्यू में कही थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे और तीसरे दिन जब डीन एल्गर, डेविड बेडिंघम और मार्को यानसेन भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और पदार्पण करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदों को धुन रहे थे तो शमी की इतनी ज्यादा कमी महसूस हुई थी। इससे कुछ निश्चिंतता के साथ कहा जा सकता है कि कुछ समय के लिए प्रसिद्ध का यह पहला और अंतिम टेस्ट रहेगा जिससे अगले टेस्ट में रविंद्र जडेजा और आवेश खान को उनकी और शार्दुल की जगह अंतिम एकादश में रखा जाएगा।






### विदाई टेस्ट के लिए एल्गर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दक्षिण अफ्रीका के कप्तान होंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के बाद कहा कि बावुमा दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बावुमा को पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और वह मैच में आगे नहीं खेल सके थे। उनकी गैर मौजूदगी में एल्गर ने ही कप्तानी की। बावुमा की जगह जुबैर हमजा तीन जनवरी से केपटाउन में होने वाला दूसरा टेस्ट खेलेंगे।

### जडेजा ने शुरू किया अभ्यास

दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार झेलने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी खबर है कि हरफनमौला रविंद्र जडेजा तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं। पहले टेस्ट की सुबह पीठ में दर्द के कारण जडेजा नहीं खेल सके थे। पहले टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने वार्म अप में भाग लिया और बिल्कुल सहज नजर आए। उन्होंने फिटनेस अभ्यास भी किया। तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने गेंदबाजी की। रिजर्व तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ उन्होंने करीब 20 मिनट अभ्यास पिच पर गेंदबाजी की।

### आवेश भारतीय टीम में शामिल

केपटाउन में होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। आवेश को मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है। शमी को बीसीसीआई की मेडिकल टीम से दोनों टेस्ट के लिए मंजूरी नहीं मिल सकी थी। बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'पुरुष चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन से सात जनवरी तक केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए मोहम्मद शमी की जगह आवेश खान को टीम में जगह दी है।' आवेश ने अभी तक 38 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट लिए हैं।

## बृजभूषण के आवास से हटा डब्लूएफआई का कार्यालय




**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने शुक्रवार को अपना कार्यालय अपने पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के आवास से हटा लिया है जिस पर हाल में खेल मंत्रालय ने गंभीर आपत्ति जताई थी। एक सूत्र ने कहा, 'बृजभूषण के घर को खाली करने के बाद डब्लूएफआई नई दिल्ली में एक नए पते से काम करेगा।' डब्लूएफआई का नया कार्यालय नई दिल्ली के हरिनगर में है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर को अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में डब्लूएफआई के नवनिर्वाचित पैनल को चुने जाने के तीन दिन बाद ही निलंबित कर दिया था। मंत्रालय ने डब्लूएफआई के बृजभूषण के आवास से चल रहे कार्यालय को भी निलंबन की कार्रवाई का एक कारण बताया था। मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा था, 'महासंघ का कामकाज पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण द्वारा नियंत्रित आवास से हो रहा है और यह कथित परिसर है जिसमें खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है और वर्तमान में अदालत में यह मामला चल रहा है।'

# आस्ट्रेलिया जीता, बनाई 2-0 की बढ़त पाक की लगातार 16वीं टेस्ट हार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कप्तान पैट कमिंस के दस विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया।

- **कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी बार चटकाए दस विकेट**

कमिंस ने दूसरी बार मैच में दस विकेट लेने का कारनामा किया है। उनकी शानदार गेंदबाजी की मदद से मेजबान टीम ने पाकिस्तान को 237 रन पर आउट कर दिया। यह पाकिस्तान की आस्ट्रेलिया में लगातार 16वीं टेस्ट हार थी। मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने 67 रन की साझेदारी की लेकिन कमिंस ने इसे तोड़कर सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। प्लेयर आफ द मैच बने कमिंस 57वें मैच में 250 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले आस्ट्रेलिया के दसवें गेंदबाज भी बन गए। पहली इनिंग में पांच विकेट लेने वाले टीम के



कप्तान पैट कमिंस दूसरी पारी में भी पांच विकेट लिए।आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 360 रन से जीता था। तीसरा टेस्ट तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने आखिरी बार आस्ट्रेलिया में 1995 में टेस्ट जीता था। अब ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली है।

## चेन्नई ओपन 2023 में भाग लेंगे प्रसन्ना, चक्रवर्ती और लक्ष्मण

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विष्णु प्रसन्ना, दीपन चक्रवर्ती और आर आर लक्ष्मण 31 दिसंबर से यहां शुरू होने वाले 2023 चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट सात जनवरी 2024 को समाप्त होगा जिसमें 28 विदेशी खिलाड़ियों सहित 320 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। भारत के अरोनयाक घोष (ईएलओ 2545) शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं जबकि रूस के जीएम सावचेंको बोरिस (ईएलओ 2505) को दूसरी वरीयता मिली है। तमिलनाडु राज्य शतरंज संघ के उपाध्यक्ष बी मुरूगावेल ने शुक्रवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह टूर्नामेंट फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों के लिए अच्छा मौका है। यह नॉर्म हासिल करने का काम करेगा। अगर कोई खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है तो वह तीन आईएम और जीएम (नॉर्म) पूरी कर सकते हैं।'

### आज महिला टीम के सामने श्रृंखला गंवाने से बचने की चुनौती

**मुंबई।** पहला मैच गंवाने के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो उसके सामने श्रृंखला बचाने की बड़ी चुनौती होगी।



आस्ट्रेलिया ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले वनडे में भारत को हर विभाग में उन्नीस साबित कर दिया। भारत ने जेमिमा रौड्रिग्स (82) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 62) की पारियों के दम पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर आठ विकेट पर 282 रन बनाया। भारत ने गेंदबाजी में सात गेंदबाजों को आजमाया लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। आस्ट्रेलिया ने तीन ओवर और छह विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की। भारत की अपनी धरती पर यह लगातार आठवीं हार थी।


केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (सीसीआरवाईएन)
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
61-65, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110 058
वेबसाइट: www.ccryn.gov.in
फोन: 011-285204329,30,31,32, 28522002, फैक्स: 011-28520435

आवेदनों के आमंत्रण हेतु सूचना

आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अधीन, केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीआरआईवाईएम), झज्जर, हरियाणा तथा नागामंगला, कर्नाटका योग में अनुसंधान और प्राकृतिक चिकित्सा हेतु केन्द्रीय परिषद के तहत तथा सीसीआरवाईएन प्रधान कार्यालय जनकपुरी, नई दिल्ली एक स्वायत निकाय में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से निर्धारित मानदेय पर पूर्णतया अनुबंध आधार पर निम्न पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सीआरआईवाईएन झज्जर (हरियाणा) | सीआरआईवाईएन नागामंगला (कर्नाटका) | सीआरआईवाईएन रोहिणी | सीसीआरवाईएन प्रधान कार्यालय | वाई एंड एन ओपीडी, अगरतला, त्रिपुरा | |
| 1. | सलाहकार (प्रशासन) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 2. | अनुसंधान अधिकारी (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) | 03 | 01 | 00 | 02 | 00 | 06 |
| 3. | अनुसंधान अधिकारी (न्यूरोफिजियोलॉजी) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 4. | अनुसंधान अधिकारी (जीवन विज्ञान) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 5. | अनुसंधान अधिकारी (नैदानिक मनोविज्ञान) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 6. | चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथी) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 7. | सांख्यिकी सहायक | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 8. | सहायक/सहायक अनुभाग अधिकारी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 9. | जूनियर हिंदी अनुवादक | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 10. | सहायक | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 11. | अकाउंट्स असिस्टेंट | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 03 |
| 12. | सीनियर रिसर्च फैलो (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) | 02 | 02 | 01 | 00 | 00 | 05 |
| 13. | योग चिकित्सक (2 पुरुष + 2 महिला + 1 महिला) | 04 | 04 | 00 | 00 | 01 | 09 |
| 14. | प्राकृतिक चिकित्सा चिकित्सक (8एम + 8एफ) | 10 | 10 | 04 | 00 | 02 | 26 |
| 15. | फिज़ियोथेरेपिस्ट | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 03 |
| 16. | लैब तकनीशियन | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 17. | वार्ड बॉय/वार्ड आया | 04 | 04 | 00 | 00 | 00 | 08 |
| 18. | आशुलिपिक | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 19. | वरिष्ठ कार्यालय सहायक | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 20. | कार्यालय सहायक/डाटा एंट्री ऑपरेटर/ रिसेप्शनिस्ट | 02 | 02 | 00 | 00 | 00 | 04 |
| 21. | पैथोलॉजिस्ट/बायोकेमिस्ट | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 22. | चालक | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 23. | मल्टी-टास्किंग अटेंडेंट (एमटीए) फॉर एडमिनिस्ट्रेशन | 03 | 03 | 00 | 01 | 00 | 07 |
| 24. | मल्टी-टास्किंग अटेंडेंट (एमटीए) फॉर नाइट शिफ्ट | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 25. | रखरखाव वरिष्ठ अभियंता | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| | | **43** | **42** | **08** | **04** | **03** | **100** |

आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य सामान्य नियम व शर्तों हेतु, कृपया सीसीआरवाईएन वेबसाइट **www.naturopathyday.in** देखें। इच्छुक उम्मीदवार पूर्णतया भरे हुए आवेदन प्रपत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता और अनुभवन प्रमाण-पत्र ई-मेल के माध्यम से **recruitment.ccryn@gmail.com** पर 30.12.2023 (पूर्वा. 9.00 बजे) से 04.01.2024 (अप. 5.30 बजे तक) भेजें। आवेदन का निर्धारित प्रपत्र सीसीआरवाईएन वेबसाइट से **www.naturopathyday.in.** से डाउनलोड किया जा सकता है।

कोई परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल परिषद की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

(डॉ. राघवेन्द्र राव एम.)
निदेशक, सीसीआरवाईएन


### ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा

# रुपिंदर से पेनल्टी कॉर्नर कौशल सीख रही महिला टीम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम रांची में चल रहे पांच दिवसीय शिविर के दौरान महान ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह के साथ पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने का कौशल निखारने में लगी हुई है। हाल में रांची में जापान को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्राफी जीतने के बावजूद भारत ने कई पेनल्टी कॉर्नर के मौके गंवाए थे और कोच यानेके शॉपमैन ने इस विभाग में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया था।

शीर्ष महिला ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने बुधवार को भारतीय खेल प्राधिकरण बेंगलुरु में शुरू हुए शिविर को महत्वपूर्ण क्वालीफायर से पहले सीखने के लिए 'परफेक्ट' करार दिया। ओलंपिक क्वालीफायर अगले साल 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा। गुरजीत ने कहा, 'हम प्रत्येक दिन नयी चीजें सीख रहे हैं और सुधार करने वाले कुछ विशेष पहलुओं पर ध्यान लगाकार अपने खेल में और सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। रुपिंदर ने हमारे मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। हम आगामी टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि यहां सीखे गए सबक से मैदान में हमारे प्रदर्शन पर काफी अच्छा असर पड़ेगा।'



हांगझोउ एशियाड में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की कमी साफ दिखाई दी जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में भारत को 69 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से टीम महज 16 में ही गोल कर पायी थी।

### गेंद को तेजी से कब्जे में लें

*दीपिका नियमित तौर पर पेनल्टी कॉर्नर पर शॉट लगाती हैं, उन्होंने कहा कि रुपिंदर ने 'ड्रैग फ्लिकिंग' की कुछ बारिकियों के बारे में बताया कि किस कोण से शॉट लिया जाए और प्रतिद्वंद्वी डिफेंस से सबसे पहले आने वाले खिलाड़ियों से किस तरह बचा जाए। उन्होंने कहा, 'उन्होंने सबसे पहले शॉट रोकने के लिए आने वाले खिलाड़ियों के बारे में बात साझा की कि उनसे किस तरह निपटा जाए, उन्होंने बताया कि इनसे बचने के लिए गेंद को तेजी से कब्जे में लिया जाए। उन्होंने बताया कि गेंद को कहां रोका जाए, किस कोण में शॉट लिया जाए।' रूपिंदर ने 2021 में खेल से संन्यास लेने से पहले 223 मैच खेले और 234 गोल किए।*

## चिंतन

# उल्फा से नव समझौता असम में लाएगा शांति

चार दशक से असम में जारी उल्फा उग्रवाद में मौजूदा समझौता ज्ञापन अहम अध्याय है। गुजरते वर्ष के आखिरी दिनों में 29 दिसंबर को केंद्र सरकार, असम सरकार, और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ़ असम (उल्फा) के बीच शांति समझौता हुआ है। इस समझौते का मकसद असम में दशकों से चल रहे संघर्ष को खत्म करना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हालांकि उल्फा का परेश बरुआ गुट समझौते से अलग है, वह अपनी संप्रभुता की मांग पर डटा हुआ है। असम में उल्फा उग्रवाद की 44 साल लंबी यात्रा रही है। इस समझौते के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े विद्रोही समूहों में से एक उल्फा के एक गुट की लंबी लड़ाई अब खत्म हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार उल्फा की सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी और उल्फा संगठन को भंग कर दिया जाएगा। असम के सबसे पुराने विद्रोही समूह के साथ हुए इस शांति समझौते का मकसद अवैध घुसपैठ, मूल निवासियों के लिए जमीन का अधिकार और असम के विकास के लिए एक वित्तीय पैकेज जैसे मुद्दों को सुलझाना है। इस समझौते के बाद असम में हिंसा में बड़ी कमी आएगी विास में तेजी आएगी। लोगों में शांति और स्थिरता की भावना बढ़ेगी। असम में लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। यही नहीं स्वदेशी लोगों को सांस्कृतिक सुरक्षा और भूमि अधिकार भी मिल पाएगा। उल्फा की स्थापना परेश बरुआ, अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया ने 7 अप्रैल, 1979 को शिवसागर, असम में की थी। असम में हाल के समय में लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण कदम देखे गए हैं, लेकिन उल्फा मुद्दा कई विवादास्पद मुद्दों के बीच शीर्ष पर बना रहा। उल्फा मुद्दा शुरू में एक आंदोलन था, लेकिन जल्द ही अपहरण, जबरन वसूली, हत्याओं और बम विस्फोटों के साथ यह सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। समझौते पर हस्ताक्षर एक तरह से चार दशक पुरानी समस्या का अधूरा समाधान ही माना जाएगा, क्योंकि परेश बरुआ नीत उल्फा (इंडिपेंडेंट) गुट तब तक बातचीत के लिए तैयार नहीं है जब तक कि असम की 'संप्रभुता' के मुद्दे पर चर्चा नहीं होती। उसके कैडर हिंसा की छिटपुट घटनाओं में शामिल हैं और सुरक्षा बलों ने अभियान तेज कर दिया है। उल्फा (आई) की अनुपस्थिति और विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों द्वारा इसे अधूरा समाधान बताए जाने के बावजूद, यह समझौता एक मील का पत्थर है, क्योंकि 1991 के बाद से संगठन के साथ बातचीत के कई प्रयासों के बावजूद, कोई समाधान नहीं निकला है। उल्फा ने कई मौकों पर बातचीत की इच्छा जताई, लेकिन 'संप्रभुता' मुद्दे पर अपने रुख पर अड़ा रहा। वर्ष 2011 में संगठन में दूसरी बार विभाजन होने के बाद अध्यक्ष अरबिंद राजखोवा सहित शीर्ष नेतृत्व पड़ोसी देश से असम लौटा। उसके बाद वे संप्रभुता विषय के बिना बातचीत की मेज पर आने के लिए सहमत हुए और केंद्र सरकार को 12-सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। 1990 और 2000 के दशक में राज्य में उल्फा का जबरदस्त प्रभाव था। उल्फा शुरू में पड़ोसी नगालैंड और मिजोरम के उग्रवाद से प्रभावित। 1990 को सेना ने उल्फा के खिलाफ ऑपरेशन बजरंग शुरू किया था। उसी दौरान उल्फा को अलगाववादी और गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया जो अब तक कायम है। नव समझौता असम में शांति लाएगा।

## नव वर्ष

प्रियंका सौरभ



# नई उम्मीदें, नए लक्ष्य

नए साल पर अपनी आशाएँ रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह भी समझने की ज़रूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएँ भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन संभवतः ये प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है जो उसने हमारे लिए रखा है जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही, अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज़ छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में, हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए सीख होगी। हर साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएँ पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। लेकिन जैसे-जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरुआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरुआत की थी। और आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और 'नया साल' मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते हैं। नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि, ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है, और फिर हम वापिस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न-जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है।

नए साल पर अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर लें। छात्र हों या नौकरीपेशा, सभी के लिए कोई न कोई लक्ष्य होना जरूरी होता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं और किस दिशा में प्रयास करना है, इन सब का निर्धारण करने के बाद उसे पूरा करने का संकल्प ले लें। आपका संकल्प हमेशा लक्ष्य को पूरा करने की याद दिलाता रहेगा। सभी 'नए साल' को जीवनकाल से जोड़ते हैं और हमारा जीवनकाल आशाओं और निराशाओं, सफलताओं और असफलताओं, खुशियों और दुखों के बारे में है और यह वर्ष भी कम जादुई नहीं होगा। तो इस वर्ष आप अपने संकल्पों को कैसे पूरा कर सकते हैं? इस बारे सोच समझकर आगे बढ़िये, दूसरों से समर्थन मांगें, अपने मित्रों और परिवार से आपका उत्साह बढ़ाने के लिए कहें। उन्हें अपने लक्ष्य बताएं और आप क्या हासिल करना चाहते हैं। अपने लिए एक इनाम प्रणाली बनाएं, अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए स्वयं को पुरस्कृत करें। अपने ऊपर दया कीजिये, कोई भी एकदम सही नहीं होता। अपने आप को कोसने की बजाय गहरी सांस लें और नव उत्कर्ष के प्रयास करते रहें। ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। भारतीय परम्परा के अनुसार नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढना चाहिए। ताकि इस वर्ष की एक सुखद पहचान बने।

(लेखिका रिसर्च स्कॉलर, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति



लीगल रिफॉर्म

प्रमोद भार्गव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा।

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूलचूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए। राष्ट्रपति ने भी अपनी मंजूरी दे दी है। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में लाए गए ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता नीहित कर दी गई है। उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का मुख्य उद्देषश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था। इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा। वैसे भी भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा की भावना पर आधारित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। इसी तरह दुष्कर्म की धारा 376 को 63 में बदला गया है।

1860 में बने इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली गई हैं। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। अब सरकार की आलोचना अपराध नहीं होगी, लेकिन देशद्रोह अपराध बना रहेगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। दो, मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में



हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्रवाई होती थी।

तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा।

चौथा, देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं।

सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए हैं। लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुशिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भगीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब देश के खिलाफ कोई गतिविधि हो तो, तब देशद्रोह की धारा प्रभावी होगी। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिन्हों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले तत्व कानूनी शिकंजे से बच नहीं पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें, तभी अशांति दूर होगी



संकलित

प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपराधियों को सजा देने में हिचकिचाहट क्यों?

अर्जुन अवार्डी विनेश फोगाट और अन्य खिलाड़ियों के साथ बृजभूषण शरण सिंह का क्या व्यवहार है? महिला खिलाड़ियों को उत्पीड़न का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? अगर महिला खिलाड़ियों की इज्जत और आबरू दाव पर लगती है, तो जरा सोचिए, क्या भविष्य में खेल के मैदान में कोई महिला उतरेगी? कौन अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी जगह भेजेगा जहां उनकी इज्जत नहीं होती। एक तो खिलाड़ियों की ड्रेस ही ऐसी होती है कि अभिभावक दिल पर पत्थर रखकर ही उसे खिलाड़ियों को पहनाते हैं।

**-मनोज जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### लद्दाख बन रही सड़कें



सरकार ने लद्दाख में राजकीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों से संबंधित 29 परियोजनाओं के लिए 1,170.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत आठ पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

**- नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

### स्वास्थ्य ढांचे का निर्माण



सरकार बुनियादी ढांचे को न केवल उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, बल्कि चिकित्सा पेशेवरों की बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए और अधिक संस्थान भी बना रही है।

**-मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य मंत्री**

### कदम उठा रही सरकार



घने कोहरे से उड़ान संचालन पर पड़ने वाले असर से निपटने के लिए सरकार कदम उठा रही है। कोहरे का सामना हम हर साल 15-20 दिन करते हैं, पर इस साल, पिछले तीन या चार दिन से अप्रत्याशित कोहरा रहा है।

**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, विमानन मंत्री**

### हिंदुत्व मुद्दे पर चुनाव



भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ सकती है। मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का और 14 फरवरी को अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद आम चुनाव की घोषणा की जाएगी।

**-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के उद्यमी ऑर्डर ऑफ कनाडा से सम्मानित



भारत में जन्मे उद्यमी फिरदौस खरास को मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए देश के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' के एक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 के लिए 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' की नियुक्तियों की वार्षिक सूची कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन ने बृहस्पतिवार को जारी की। 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह समाज के सभी क्षेत्रों के उन लोगों को मान्यता देता है, जिन्होंने कनाडा में असाधारण और निरंतर योगदान दिया है। साइमन ने 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' में 78 नई नियुक्तियों की घोषणा की, जिनमें तीन 'कम्पैनियन', 15 अधिकारी, एक मानद अधिकारी और 59 सदस्य शामिल हैं। खरास (68) को 'एक सामाजिक उद्यमी, मानवतावादी और जन संचार मीडिया निर्माता के रूप में मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए' 'ऑर्डर ऑफ कनाड़ा का अधिकारी नियुक्त किया गया। खरास ने एक बयान में कहा, 'मैं इस उच्च सम्मान को पाकर बहुत अभिभूत हूं, जो खासकर एक प्रवासी के रूप में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। भले ही पारसी समुदाय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन कनाडा में उनकी संख्या बहुत कम यानी मात्र 3,600 है, इसलिए इस प्रकार का सम्मान मिलना बहुत ही संतोषजनक है।'

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण





यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है। मनुष्यों में कम से कम 25 अलग-अलग रिसेप्टर्स होते हैं जो कड़वाहट का पता लगाते हैं, और हममें से प्रत्येक के पास अपने स्वयं के आनुवंशिक संयोजन होते हैं।

## हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# यंगभूमि








**मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचाए**

## छात्र किताबों से दोस्ती करें और स्क्रीन से दूरी बनाएं

# सफलता चूमेगी कदम

**नव वर्ष, नए संकल्प**

विनोद कौशिक/विनोद गौतम

हर किसी में एक न एक खासियत जरूर होती है। जरूरत है सिर्फ उस स्किल को पहचानने की। ऐसे में सभी को चाहिए कि वे अपनी खूबी को पहचानें और सफलता पाने के लिए जी जान जुट जाएं। हर बार नया साल कुछ न कुछ खास लेकर आता है। यह समय कुछ संकल्प लेने का होता है। बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयां अपनाते हुए आगे बढ़ने का होता है। ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि वे भी नए साल 2024 के लिए अपने कुछ लक्ष्य तय करें और उन पर अमल कर तैयारी करें। इससे वे आसानी से अपनी मंजिल को प्राप्त कर लेंगे और सफलता उनके कदम चूमेगी नए साल में फरवरी से 10वीं-12वीं की परीक्षाएं होनी हैं। इसके बाद कुछ नौकरी के लिए भर्ती परीक्षाएं होनी हैं, वहीं कॉलेज और विश्विद्यालयों के एग्जाम भी होने हैं। अब बात आती है कि विद्यार्थी कैसे तैयारी करें कि वे अपना मुकाम हासिल कर सकें। इस डिजिटल जमाने में सफलता का मूल मंत्र है 'किताबों से दोस्ती और स्क्रीन से दूरी'। यदि विद्यार्थी ऐसा करते हैं तो उन्हें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। पढ़ने में रट्टे की बजाय समझने पर फोकस करें। आज का काम कल पर न टालें। समय पर उठें और कुछ देर व्यायाम करें। कुछ समय अपने शरीर को भी दिया जाना जरूरी है। इससे मन स्वस्थ रहेगा और शरीर मजबूत बनेगा। छात्रों के लिए जितना पढ़ना जरूरी है उतना ही हर दिन खेलना भी बेहद जरूरी है। हर छात्र कम से कम एक स्किल जरूर विकसित करें। यह आपके भविष्य में काम आएगी।नए साल पर पेश इस रिपोर्ट में हम बताएंगे ऐसे 24 संकल्प जो छात्र अपने जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ सकते हैं।

## विद्यार्थियों के लिए 2024 के 24 संकल्प

### 1. आज का काम कल पर न टालें

आज के काम को कल पर टालने का प्रयास न करें। इस आदत से आप पिछड़ते चले जाएंगे। इसके बाद एक समय ऐसा आएगा कि इस गेप को भरना मुश्किल होगा। संत कबीर दास जी ने भी कहा है। 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब। पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब'। इस साल यह संकल्प लें कि अपना आज का काम आज ही निटाएंगे। उसे कल के भरोसे पर नहीं छोड़ेंगे। इससे कॉन्फिडेंस डेवलप होगा।

### 2. किताबों से करें दोस्ती

विद्यार्थी किताबों से दोस्ती करें, क्योंकि कहा भी जाता है कि किताबों से ही ज्ञान मिलेगा और आपका भविष्य उज्जवल बनेगा। किताबें ही व्यक्ति की सच्ची मित्र होती हैं और जीवन जीने की सही राह दिखाती हैं। जो ज्ञान किताबों से अर्जित कर सकते हैं वह कहीं और से नहीं मिल सकता। छात्र किताबों पर फोकस करें और परीक्षा की तैयारी करें। जितना लिखकर या नोट्स बनाकर तैयारी करेंगे उतने ही अच्छे अंक परीक्षाओं में प्राप्त होंगे।

### 3. खुद को कमजोर न समझें

हा किसी में कोई न कोई प्रतिभा जरूर होती है। इसलिए खुद को किसी से कमजोर न समझें और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। नंबर गेम के चक्कर में न फंसे अपना स्वाभाविक प्रदर्शन कर करते जाएं। अपनी किसी से तुलना न करें। सबकी अपनी-अपनी क्षमताएं होती हैं। खुद को कमजोर समझेंगे तो बेहतर प्रदर्शन नही कर पाएंगे और उलझन में फंस जाएंगे।

### 4. अवसर तलाशें

छात्रों को इस साल यह भी संकल्प लेना चाहिए कि जिस काम में उनकी रूचि है उसमें बेहतरीन अवसर तलाशें। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, सिर्फ उसमें अवसर तलाशकर आगे बढ़ना होता है। कोई भी क्षेत्र हो जहां लगता है कि आप कुछ कर पाएंगे। उस क्षेत्र में अवसरों की तलाश कर जुट जाएंगे तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### 5. स्क्रीन से दूरी बनाएं

आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन, एलईडी या अन्य डिवाइस छात्रों को प्रभावित कर रही हैं, इनके जहां फायदे हैं, वहीं नुकसान भी बेहद खतरनाक हैं। स्क्रीन का सिर्फ उतना ही प्रयोग करें, जितनी जरूरत हो, वरना यह करियर को खराब कर सकता है। छात्रों को सोशल मीडिया और मोबाइल से जितना दूर हो सके, उतना दूर रहना चाहिए। स्क्रीन से जितनी दूरी रखेंगे उतना ही आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ठीक होगा। ध्यान नहीं भटकेगा और आप आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर पाएंगे।

### 6. रट्टे की बजाय समझने पर जोर

छात्रों को अच्छे नंबर पाने के लिए पढ़ाई में रट्टे के बजाय समझने पर जोर देना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। मानसिक विकास के लिए चीजों में बंधने की बजाय विचार मंथन और समझने की क्षमता पर जोर दिया जाना चाहिए। इससे आप भविष्य में अच्छे निर्णय ले पाएंगे। किताबों का रट्टा मारने से आप एक बार अच्छे नंबर तो पा सकते हैं, लेकिन खुद को भविष्य के लिए तैयार नहीं कर पाएंगे। ऐसे में जरूरी है कि पहले चीजों को समझना सीखें। इसो बाद कामयाबी आपसे दूर नहीं। आप किसी भी क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं।

### 7. स्किल विकसित करें

छात्रों को चाहिए कि वे खुद में कम से कम एक स्किल जरूर विकसित करें। यह आपके बेहद काम की है। यह स्किल आपके बेहद काम आएगी। कई बार आप जो चाहते हैं वह नहीं बन पाते हैं। इस स्थिति में जो स्किल आपके पास है वह आपके जीवन में आपको अच्छा रोजगार भी दिल सकती है। इसलिए यह संकल्प लें कि इस साल हम कुछ न कुछ स्किल जरूर विकसित करेंगे।

### 8. आत्म विकास

याद रखें, हर कोई अद्वितीय है, इसलिए ऐसे संकल्प चुनें जो आपके लक्ष्यों के अनुरूप हों। आत्मविकास और आत्ममंथन करें। अच्छे बुरे की पहचान करें। आत्म-सुधार की यात्रा को अपनाएं, अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें और देखें कि कैसे ये छोटे कदम आपके जीवन में बड़े सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

### 9. सवाल उठाएं

कक्षा में सवाल पूछें, घबराएं नहीं, एक चीज एक बार में समझ न आए तो दोबारा पूछें। शर्म न करें। ध्यान रखें आप जितने सवाल उठाएंगे उतने ही निखरेंगे। यदि आप सवाल नहीं उठाते और समझ आए या न आए हां भरते या मौन स्वीकृति भी देते हैं तो अपना ही नुकसान कर रहे हैं।

### 10. अध्ययन का रुटीन बनाएं

अध्ययन के लिए रूटीन बनाएं। नए साल पर एक वास्तविक, यथार्थवादी अध्ययन योजना बनाएं, जिसका आप अपने पूरे शैक्षणिक वर्ष में पालन कर सकें। सभी विषयों को महत्वपूर्ण अध्यायों के साथ सूचीबद्ध करें और तैयारी के स्तर के अनुसार कुछ घंटे समर्पित करें।

### 11. कुछ नया आजमाएं

नए साल में कुछ न कुछ नया सीखने का संकल्प लें। आप जो कुछ भी करते हैं उसमें नयापन चीजों को दिलचस्प बनाता है और सीखने के लिए प्रेरित करता है। तो, इस वर्ष, आप भी कुछ नया आजमा सकते हैं जो आपको उत्साहित करें और एक नई ऊर्जा का संचार करे।

### 12. सीखें, सिर्फ ग्रेड के लिए नहीं

आप केवल अच्छे ग्रेड प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, तो सफलता तो प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन लंबे समय के लिए नहीं। अवधारणाओं से सीखना और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में लागू करना है। इसलिए सीखें जरूर, लेकिन यह सिर्फ ग्रेड पाने के लिए ही न हो।

### 13. तनाव न लें

विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा या बोर्ड परीक्षाओं के दौरान तनाव नहीं लेना चाहिए। स्वाभाविक रूप से तैयारी पर ध्यान देना चाहिए। इससे छात्र परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर पाएंगे। कई बार तनाव के कारण छात्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते और वे परीक्षाओं में पिछड़ जाते हैं।

### 14. गलतियों से सीखें

एक ही गलती बार-बार नहीं करनी चाहिए, बल्कि अपनी गलतियों से सीख लेनी चाहिए। इससे आसानी से अपनी मंजिल हासिल कर सकेंगे। कहा भी जाता है की एक हार जीवन की सफलता की कूंजी होती है। इससे व्यक्ति मजबूत बनकर उभरता है। असफतला से डरें नहीं।

### 15. टाइम टेबल बनाएं

पढ़ाई और परीक्षा के हिसाब से टाइम टेबल बनाएं। ध्यान रखें खाली टाइम टेबल बनाकर दीवार पर चिपकाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उसे फॉलो भी करना होगा। तभी आप समय रहते खुद को स्थापित कर पाएंगे। खुद को टाइम टेबल के अनुसार ढालें। सफलता कदम चूमेगी

### 16. अभ्यास करें

सिलेबस का बार-बार अभ्यास करें। भी गया है 'करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान, रसरी आवत जात ते सिल पर परत निशान' अर्थात जिस प्रकार लगातार आते जाते रस्सी पत्थर पर निशान बना देती है उसी प्रकार सतत अभ्यास किसी बुद्धिहीन को भी बुद्धिमान बना देता है।

### 17. मन लगाकर पढ़ें

सफतला पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें। हमेशा तैयारी पर फोकस रखें। इधर-उधर के बहाने बनाने की बजाय पढ़ाई पर ध्यान देंगे तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता है। पढ़ाई के लिए साफ सुथरी जगह का चयन करें। आसपास जरूरत की चीजें ही रखें।

### 18. सुबह जल्दी उठें

सुबह जल्दी उठकर पढ़ने से चीजें लम्बे समय तक याद रहती है। दिमाग शांत और तरोताजा रहता है। इस दौरान व्यक्ति जो भी काम करता है या फिर पढ़ता है उसे पूरे ध्यान और मन से करता है। इससे प्रोडक्टिविटी बढ़ती है। पढ़ाई पर और ज्यादा ध्यान लगाया जा सकता है।

### 19. व्यायाम करें

सुबह जल्दी उठना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इससे व्यक्ति का आलस कम होता है साथ ही दिमाग फ्रेश और एक्टिव रहता है। सुबह जल्दी उठकर कुछ समय व्यायाम जरूर करें। शरीर हेल्दी और दिमाग चुस्त व दुरुस्त रहेगा। थकान नहीं होगी।

### 20. हेल्दी खाना खाएं

हेल्दी खाना खाएं। तले, भुने और बाहर के खाने से बचें। हमेशा घर का बना खाना खाएं। अस्वास्थ्यकर जंक फूड या प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूर रहे। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन हमारे स्वास्थ्य और दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। यह चिंता और थकान बढ़ाता है।

### 21. मानसिक रूप से मजबूत बनें

शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल के अलावा, छात्रों के लिए मानसिक रूप से भी मजबूत बनना होगा। शैक्षणिक, वित्तीय और व्यक्तिगत चुनौतियों के दौरान, छात्रों को अक्सर अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है, जिसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

### 22. खेल भी जरूरी

पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं। खेलों में करियर बनाने के भी बेहतरीन अवसर हैं। खेल छात्र के विकास का अहम हिस्सा हैं। वे मानसिक कल्याण और शारीरिक फिटनेस के विकास में सहायता करते हैं। खेलों में भागीदारी से अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ता है।

### 23. लक्ष्य तय करें

लक्ष्य का निर्धारण करियर में सफलता के रोडमैप के रूप में काम करता है। छात्र अपनी कमजोरी और ताकत का आकलन कर लक्ष्य तय करें। जिन छात्रों के पास उद्देश्य होता है, वे अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करते हैं और जल्द कामयाब होते हैं।



### 24. बड़ों का सम्मान करें

विद्यार्थियों को भी अपने शिक्षक व माता-पिता का पूर्ण सम्मान करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन के दौरान एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करें। प्रतिदिन माता-पिता के चरण स्पर्श करना चाहिए। क्योंकि जब तक हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से नहीं जुड़ेंगे, नैतिक गुणों को आत्मसात नहीं करेंगे तब तक हमारी आंतरिक उन्नति संभव नहीं है।

### सकारात्मक सोच रखें



**कामयाबी के दरवाजे उन्हीं के लिए खुलते हैं... जो उन्हें खटखटाने की ताकत रखते हैं..!!** नए साल में छात्रों को जीवन में बदलाव लाने और कुछ अच्छा हासिल करने के संकल्प लेने चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ खुद को स्थापित करना होगा। मन लगाकर पढ़ाई करनी होगी। जो लक्ष्य तय करें उस पर साल भर अडिग रहकर चलना होगा।

**-परमजीत कौर**, प्राचार्या, पी एम श्री केवि, रोहतक

### शिक्षा और सेहत दोनों जरूरी



छात्रों के लिए शिक्षा और सेहत दोनों काफी महत्वपूर्ण हैं। कहते हैं 'हेल्थ इज वेल, आल इस वेल' यह जितना सुनने में अच्छा लगता है, उससे कहीं ज्यादा यह शरीर के लिए लाभकारी होता है। छात्रों को नए साल में संकल्प लेना चाहिए कि सेहत के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। पढ़ाई के साथ साथ खेल व व्यायाम पर भी फोकस करेंगे।

**-अनिता धनखड़**, एनसीसी अधिकारी, केन्द्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ, द्वितीय पाली, नई दिल्ली

### स्क्रीन से न चिपकें



विद्यार्थी सोशल मीडिया का कम से कम उपयोग करें। इंटरनेट का उपयोग सिर्फ अपनी प्रोडक्टिविटी बनाने के लिए करें, अनावश्यक रूप से स्क्रीन से चिपके न रहें। हमेशा सकारात्मक रहें और संघर्ष के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करें। इससे आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक पाएगा और सफलता कदम चूमेगी।

**-अमरदीप**, पीजीटी भौतिक विज्ञान, पी एम श्री केवि, रोहतक

### ज्यादा पानी पीएं



विद्यार्थियों को अच्छी तैयारी के किए मोबाइल से दूर रहकर कितबों पर फोकस करना चाहिए। अच्छी तरह से विषय को समझें और अभ्यास करें। किसी भी प्रश्न के उत्तर को बिदुओं से दर्शाएं। जैसे, भूमिका, निष्कर्ष आदि प्वाइंट्स में बांटें। परीक्षा के दिनों में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं, इससे मस्तिष्क सक्रिय होता है और ऊर्जा मिलती है। विषय अच्छी तरह से याद रहता है और पढ़ाई में परेशानी नहीं होती।

**-डॉ. मानवेंद्र सिंह**, प्रोफेसर, एमडीयू

### सेल्फ स्टडी जरूरी



छात्रों को अच्छा स्कोर करने के लिए हर रोज कम से कम 8 से 10 घंटे तक पढ़ करना चाहिए। शांत माहौल में बैठकर सेल्फ स्टडी करें। इस समय जितनी सेल्फ स्टडी करेंगे। परीक्षा की तैयारी अच्छी होगी और प्रर्याप्त समय मिल सकेगा। मोबाइल पर समय बर्बाद न करें और पढ़ाई पर ध्यान दें। स्क्रीन से जितनी दूरी बनाएंगे, उतना ही अच्छा स्कोर परीक्षा में कर पाएंगे।

**-कविता राठी**, मेथ टीचर, हाईरैंक एकेडमी




## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रमुख के बेटे पर हमला

**वैंकूवर।** कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने एक हिंदू मंदिर प्रमुख के बेटे के घर पर हमला किया। अलगाववादियों ने करीब 14 राउंड फायरिंग की। यह पूरा मामला ब्रिटिश कोलंबिया में सरे का है। यहीं आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। फिलहाल गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जांच शुरू हो गई।

### एयरपोर्ट पर बम होने की अफवाह से हड़कंप मचा



**मंगलुरु।** यहां के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर एक हॉक्स ईमेल ने एयरपोर्ट पर बम होने की अफवाह ने हड़कंप मचा दिया। एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों को भेजे एक ईमेल में दावा किया गया था कि एयरपोर्ट पर बम है जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सघन तलाशी ली। 'फनिंग' नाम के एक व्यक्ति ने कई हवाई अड्डों पर इस तरह के कई ई-मेल भेजे थे।

### विशाखापत्तनम में चार सदस्यों ने की आत्महत्या



**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले में एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। एक व्यक्ति अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रहा है। यह घटना उपनगरीय विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले जिले में हुई। मृतकों की पहचान शिव रामकृष्ण, पत्नी माधवी और दो बेटियों के रूप में हुई है। तीसरी बेटी जिंदा है।

### चीन ने दोंग जून को नया रक्षा मंत्री बनाया

**बीजिंग।** चीन ने बिना किसी स्पष्टीकरण के जनरल ली शांगफू को बर्खास्त करने के दो महीने बाद शुक्रवार को नौसेना कमांडर जनरल दोंग जून को अपना नया रक्षा मंत्री नामित किया। चीन की शीर्ष विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने अक्टूबर में ली के निष्कासन की पुष्टि की थी। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के कमांडर दोंग को एनपीसी की स्थायी समिति ने रक्षा मंत्री नियुक्त किया है।

#### असम सरकार और केंद्र के बीच उग्रवाद के खात्मे के लिए अहम कदम

# 40 साल बाद उल्फा ने डाले हथियार शाह की मौजूदगी में शांति समझौता लागू

शाह ने कहा कि समझौते के सभी बिंदु समयबद्ध पूरे होंगे। 12 साल से केंद्र सरकार अरबिंदा राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट के साथ बातचीत कर रही थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह के मौजूदगी में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा), असम सरकार और केंद्र के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। गृह मंत्री ने उल्फा के प्रतिनिधियों को इसका श्रेय देते हुए कहा कि उनके प्रयास की वजह से ही यह हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते की सभी बातें समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी। 12 साल से केंद्र सरकार अरबिंदा राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट के साथ बातचीत कर रही थी।

उल्फा का एक गुट अब भी इस शांति समझौता का हिस्सा नहीं है। इसके हेड परेश बरुआ हैं। उल्फा के इस धड़े के 20 नेता बीते एक सप्ताह से दिल्ली में ही थे। उल्फा का एक गुट अनूप चेतिया गुट का है। यही समझौते में शामिल हुआ है। यह भारत सरकार की बड़ी सफलता है और उग्रवाद को खत्म करने की ओर बड़ा कदम है। 2011 के बाद से ही इस संगठन ने हथियार नहीं उठाए हैं। यह शांति समझौता इस प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गृह मंत्री शाह ,असम के सीएम हेमंत विस्व सरमा, गृह सचिव अजय भल्ला असम के डीजीपी जीपी सिंह सहित उल्फा ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे। पूर्वोत्तर में सशस्त्र उग्रवादी संगठनों से इस साल भारत सरकार का यह चौथा बड़ा समझौता है।

## गृहमंत्री ने उल्फा के प्रतिनिधियों को दिया इसका श्रेय

- सभी बातें समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी
- सीएम सरमा, गृह सचिव भल्ला भी रहे मौजूद



**असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा**

जानकारों के मुताबिक इस समझौते में कहा गया है कि असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके अलावा असम के लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध करवाए जाएंगे। उल्फा में शामिल रहे लोगों को भी रोजगार दिए जाएंगे। सशस्त्र आंदोलन छोड़ने वाले उल्फा के सदस्यों को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार सहयोग करेगी।

शाह ने कहा

### असम के भविष्य के लिए यह ऐतिहासिक उज्ज्वल और खुशी का दिन

इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि आज का दिन असम के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल दिन है। लंबे समय तक, असम और पूर्वोत्तर को हिंसा का सामना करना पड़ा और 2014 में पीएम मोदी के पीएम बनने के बाद, दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच अंतर को कम करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 9 शांति और सीमा संबंधित समझौते अलग-अलग राज्यों के पूरे नॉर्थ-ईस्ट में हुए हैं। इसके कारण नॉर्थ-ईस्ट के एक बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है।

सरमा ने ऐतिहासिक बताया

### पीएम मोदी और शाह का आभार, उग्रवाद समाप्त

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों के साथ असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

### समझौते के प्रमुख बिंदु

- असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी
- असम के लोगों के लिए और भी बेहतर रोजगार के साधन राज्य में मौजूद रहेंगे
- इनके काडरों को रोजगार के पर्याप्त अवसर सरकार मुहैया करवाएगी
- उल्फा के सदस्यों को जिन्होंने सशस्त्र आंदोलन का रास्ता छोड़ दिया है उन्हें मुख्य धारा में लाने का भारत सरकार हर संभव प्रयास करेगी

### 1979 में बना था उल्फा

उल्फा असम में एक्टिव एक उग्रवादी संगठन है। परेश बरुआ ने साथी अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया के साथ मिलकर 7 अप्रैल 1979 को इसका गठन किया था। इसका उद्देश्य असम को स्वायत्त और संप्रभु राज्य बनाना था। इस संगठन ने हथियार उठा लिए। 1990 में केंद्र की सरकार ने इसपर प्रतिबंध लगा दिया था। 1991 में इस संगठन के करीब 9 हजार लोगों ने सरेंडर कर दिया था। 2008 में राजखोवा को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। जब राजखोवा शांति समझौते की ओर बढ़े तो इस संगठन के दो धड़े हो गए।

#### मंत्री डॉ. मांडविया ने एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का किया उद्घाटन और रखी आधारशिला

## केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयास अहम, चिकित्सा सेवाएं होंगी 'दृढ़'



- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आंध्र प्रदेश में 7 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया...

एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने विजयवाड़ा में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एक बॉयोसेफ्टी लेवल-3 (बीएसएल-3) प्रयोगशाला की आधारशिला भी रखी, जिसका उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना है।मांडविया ने अधिकारियों और मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, बीएसएल प्रयोगशाला, सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और दो महत्वपूर्ण देखभाल ब्लॉक एक बार चालू होने के बाद आंध्र प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, जिसमें अधिक मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब 23 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) हैं जबकि एमबीबीएस और नर्सिंग सीटें दोगुनी हो गई हैं। मांडविया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के सामूहिक प्रयास देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए अहम हैं।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा

### हेल्थ कैंपों से अब तक 2 करोड़ लोग लाभान्वित

विकसित भारत संकल्प यात्रा ( अब तक 1 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है और इनमें भाग लेने वालों की कुल संख्या 2 करोड़ से अधिक है। इस यात्रा के तहत सिकल सेल रोग के लिए 8.5 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 27,630 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया।अब तक 1,08,500 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में संचयी पैदल यात्रियों की संख्या 2,10,24,874 तक पहुंच गई है।

## सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर कांग्रेस अगले हफ्ते करेगी चर्चा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस जल्द दूसरे दलों के साथ चर्चा शुरू करेगी। बताया जा रहा है कि जनवरी के पहले हफ्ते में ही कांग्रेस विपक्षी दलों के साथ बैठक करेगी और सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर बात करेगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ बने 28 दलों के गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर अब तक चर्चा नहीं हो पाई है। हालांकि, दिल्ली की बैठक में सीएम द्वय ममता बेनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम विपक्ष के पीएम चेहरे के तौर पर आगे रखा था। खरगे ने कहा था कि गठबंधन की पहली प्राथमिकता लोकसभा चुनाव जीतना है।

### कांग्रेस का उद्धव गुट को जवाब



उद्धव गुट की ओर से किए गए सीटों पर दावे पर कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने तीखा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर हम 48 में से आपको (यूबीटी शिवसेना) 23 सीटें देंगे तो हम कहां से लड़ेंगे? असली सच्चाई यह है कि पिछले एक साल में, शिवसेना टूट गई और कई प्रमुख नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। यही स्थिति एनसीपी की भी है।

## हिंदुत्व, हिंदुत्व है और मैं एक हिंदू हूं, हिंदुत्व और हिंदू दोनों अलग हैं



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का दावा

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दावा किया कि हिंदुत्व विचारधारा और हिंदू आस्था के बीच अंतर होता है। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हिंदू और हिंदुत्व दोनों अलग-अलग हैं। इसको लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है।

सीएम ने सॉफ्ट हिंदुत्व का जिक्र करते हुए कहा, यह सॉफ्ट हिंदुत्व और हार्ड हिंदुत्व किया होता? हिंदुत्व, हिंदुत्व है। मैं एक हिंदू हूं। हिंदुत्व अलग है और हिंदू अलग है। क्या हम राम की पूजा नहीं करते हैं? क्या भाजपा ही एकमात्र राम की पूजा के मानने वाले हैं? क्या हमने राम मंदिर नहीं बनाए हैं? क्या हम राम भजन नहीं गाते हैं?

### सिद्धारमैया तुष्टिकरण की राजनीति कर रहेः भाजपा

सिद्धारमैया के बयान को लेकर भाजपा नेता सीएन अश्वथ नारायण ने तुरंत पलटवार करते हुए कहा कि सिद्धारमैया और कांग्रेस को भारत या हिंदुत्व जैसे मुद्दों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने सीएम पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप भी लगाया।

## विजयकांत को अंतिम विदाई



**चेन्नई।** डीएमडीके के संस्थापक-नेता विजयकांत को उनके अंतिम संस्कार के दौरान, शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में बंदूकों की सलामी दी गई। फोटो : एजेंसी

### पीएम मोदी ने मुख्य सचिवों से नागरिकों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा की

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में कई मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ और उन्होंने बेहतर सेवा मुहैया कराये जाने तथा सभी नागरिकों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा की। तीन दिवसीय सम्मेलन के आखिरी दो दिन मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की। देश भर के प्रमुख नौकरशाहों के विचार-विमर्श के दौरान ''जीवन की सुगमता'' मुख्य केंद्रबिंदु था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले दो दिन में मुख्य सचिवों के सम्मेलन में भाग लिया। हमने नीति संबंधी व्यापक मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श किया और साथ ही बेहतर सेवा मुहैया कराये जाने के साथ सभी नागरिकों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

## बांटो और राज करो कांग्रेस के डीएनए में : अनुराग ठाकुर

**शिमला (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हिमाचल प्रवास का आज दूसरा दिन था। शुक्रवार को अनुराग ठाकुर दिनभर झंडूता विधानसभा में थे जहां सर्वप्रथम अनुराग ठाकुर बैहना ब्राह्मणा और बालघाड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल हुए और उसके पश्चात झंडूता स्थित भाजपा कार्यालय में सेक्टर प्रभारीयों के साथ बैठक की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित किया व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत निर्माण के संकल्प को दोहराया। इस दौरान मीडिया से वार्तालाप करते हुए अनुराग ठाकुर कहा कि यह पहली बार है जब किसी प्रधानमंत्री ने देश के अंतिम जन के घर के द्वार तक केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को ले जाने का कार्य किया है।

# अयोध्या का नया रेलवे स्टेशन 'मुकुट' और 'धनुष बाण' सहित तमाम धार्मिक प्रतीकों से सुशोभित

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे अयोध्या एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या का नया रेलवे स्टेशन मंदिरों की नागर शैली के 'शिखर' की तर्ज पर गुंबद और भगवान राम के प्रतीक चिह्न धनुष-बाण से सुसज्जित है जिसका उद्घाटन शनिवार को किया जाना है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या शहर की अपनी यात्रा के दौरान पुनर्विकसित अयोध्या जंक्शन स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। स्थानीय सांसद लल्लू सिंह ने बुधवार को कहा कि अयोध्या रेलवे जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया गया है। नया भवन पुराने स्टेशन भवन के बगल में स्थित है। अयोध्या जिले में दो मुख्य रेलवे स्टेशन... अयोध्या शहर में स्थित अयोध्या जंक्शन और फैजाबाद शहर में अयोध्या कैंट हैं। अयोध्या जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार चौबे ने बताया कि ''पहले, यात्री दोनों स्टेशनों के बीच भ्रमित हो रहे थे। अब, उन्हें पता चल जाएगा कि अयोध्या धाम स्टेशन पवित्र अयोध्या शहर के पास है और इसे फैजाबाद शहर में स्थित स्टेशन (अयोध्या कैंट) के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाएगा। पुराने बोर्ड को जल्द ही बदले जाने की उम्मीद है।

### 2021 में फैजाबाद जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट किया गया



उत्तर प्रदेश सरकार ने 2019 में फैजाबाद जिले का नाम बदलकर अयोध्या जिला कर दिया था और उसके बाद 2021 में फैजाबाद जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट किया गया। स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य 'रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड' (राइट्स) द्वारा किया गया है जो रेल मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम है और नवरत्नों में से एक है। नई संरचना के पास जो बोर्ड लगाया गया है, उसमें नए स्टेशन को मौजूदा रेलवे स्टेशन का 'विस्तार भवन' बताया गया है। राइट्स के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नये स्टेशन भवन में आगे के हिस्से का निर्माण शहर में बन रहे राम मंदिर पर आधारित है।

### पूरा स्टेशन एक मंदिर जैसा दिखता है

- इमारत के अगले हिस्से में स्तंभ बने हैं जिसपर बलुआ पत्थर की चिनाई की गई है और किनारे के छोर पर ऊंचे गोलकार खंभे हैं और इनपर भी बलुआ पत्थर की चिनाई की गई है।
- स्टेशन के शीर्ष पर एक संरचना है जिसका डिजाइन शाही 'मुकुट' जैसा है जबकि इसके ठीक नीचे एक दीवार पर एक धनुष को चित्रित किया गया है। यह दर्शाता है कि अयोध्या शहर का संबंध भगवान राम से है।'' यह इमारत तीन मंजिला है।

### श्री रामलला की मूर्ति चयन को लेकर हुई वोटिंग

**अयोध्या(एजेंसी)।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्तियों के चयन को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। इस बैठक में ट्रस्ट के सभी सदस्य शामिल रहे और सबने अपने मत पर्ची पर लिखकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार कर्नाटक के मैसूर के प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित रामलला की मूर्ति पर मुहर लग सकती है। गौर हो कि राम मंदिर में श्री रामलला की अचल मूर्ति लगनी है। इसके लिए तीन मूर्तियों का निर्माण कराया गया है। इनमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को बैठक हुई। अब इस पर आखिरी निर्णय महासचिव और अध्यक्ष को लेना है।

#### दोपहर में होगा शपथग्रहण

## भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार आज



मंत्रियों के नाम की लिस्ट गृहमंत्री शाह के पास

**नई दिल्ली।** राजस्थान में मंत्रिमंडल के विस्तार का इंतजार अब खत्म होने वाला है। शनिवार को राजभवन में दोपहर 3:30 बजे कई विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा शपथ ले चुके हैं। राजस्थान में कुल 33 मंत्री बनाए जा सकते हैं। मंत्रियों के नाम की लिस्ट गृहमंत्री अमित शाह के पास है। सीएम भजनलाल शर्मा अमित शाह से मुलाकात कर मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे। सीएम भजनलाल शाह से चर्चा कर नाम फाइनल करेंगे। इसके बाद विधायकों के पास फोन जाने शुरू हो जाएंगे। माना जा रहा है कि शाह ही मंत्रियों के नाम पर अंतिम मुहर लगाएंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25